कोटद्वार, बुधवार
12 जून 2024
वर्ष: 46
अंक: 51 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मंगलौर विस क्षेत्र में रहेगी आचार संहिता

हरिद्वार।डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने मंगलवार को कहा कि 10 जुलाई को मंगलौर में विधानसभा सीट के लिए मतदान को लेकर मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता लागू रहेगी। इस दौरान मंगलौर क्षेत्र में नए विकास कार्य और नई योजनाओं पर काम शुरू नहीं कराए जाएंगे। कलक्ट्रेट में प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि मंगलौर विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 119930 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 63287 पुरुष मतदाता, 56616 महिला मतदाता और 26 तृतीय लिंग शामिल हैं जबकि सर्विस मतदाताओं की संख्या 255 है। बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 933 है। डीएम ने बताया कि 21 जून को नामांकन होंगे। 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच और 26 जून को नाम वापसी होगी। 10 जुलाई को मतदान और 13 जुलाई को मतगणना की जाएगी। 15 जुलाई तक मंगलौर में आचार संहिता रहेगी। बताया कि मतदान के लिए मंगलौर क्षेत्र में मतदेय स्थल 132 और 64 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। बताया कि अलग–अलग सेक्टरों और जोन में मंगलौर को बांटा गया है। इस दौरान जेएम दिवेश शाशनी, एडीएम प्रशासन पीएल शाह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### यातायात व्यवस्था देखने खुद सड़क पर उतरे एसएसपी

देहरादून। शहर में लड़खड़ा रही यातायात व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मंगलवार को एसएसपी अजय सिंह ने खुद मोर्चा संभाला। उन्होंने सड़कों पर बिखरी निर्माण सामग्री को लेकर संबंधित अधिकारियों को वार्ता की। उन्होंने कहा कि सड़कों पर चल रहे निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूरे किए जाएं। एसएसपी ने मंगलवार दोपहर घंटाघर, बहल चौक, सर्वे चौक, रायपुर रोड, डालनवाला, ईसी रोड से प्रिंस चौक, सहारनपुर चौक, आईएसबीटी आदि क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ऐसी जगहों पर फोकस किया, जहां जाम की स्थिति सबसे ज्यादा है। उन्होंने सड़कों पर काम कर रही कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण सामग्री सड़क किनारे व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से निर्माण कार्य की समयावधि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शहर की यातायात व्यवस्था को देखते हुए निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के लिए कहा। एसएसपी ने कहा कि शहर में जाम से बचने के लिए निर्माण कार्य वाली जगहों से यातायात को डायवर्ट किया जाए, ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। उन्होंने शहर के चौक चौराहों की स्थिति भी देखी। यहां यातायात को सुचारु रूप से चलाने के लिए अधिनस्थों को सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान एसपी सिटी प्रमोद कुमार, सीओ अनिल जोशी आदि मौजूद थे।

### दिल्ली में अगले एक हफ्ते तक चलेगी गर्म हवाएं, बारिश की उम्मीद नहीं

नईदिल्ली,दिल्ली में बारिश के लिए टकटकी लगाए लोगों के लिए निराश करने वाली खबर है। यहां का मौसम अगले कुछ दिनों के लिए बदल गया है।भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने संभावना जताई है कि अगले एक हफ्ते तक दिल्ली समेत आसपास के इलाकों में भीषण गर्मी पड़ेगी और गर्म हवाएं चलेंगी।बारिश की जो उम्मीद लगाई जा रही थी, उसकी भी संभावना अगले एक हफ्ते में नहीं दिख रही है। इससे तापमान में भी परिवर्तन दिखेगा।

आईएमडी के मुताबिक, 11 से 17 जून तक भीषण लू चलेगी। इसे देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा।

आईएमडी के अधिकारियों ने बताया कि अगले एक हफ्ते तक दिल्ली में 25 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज और गर्म हवाएं चलेंगी। दिल्ली का अधिकतम तापमान 43 डिग्री और मंगलवार को न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण–पश्चिम मानसून धीरे–धीरे उत्तर भारत की ओर बढ़ रहा है। इसे केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में अपनी मौजदूगी दर्ज करा दी है।मानसून अगले 48 घंटे में गुजरात पहुंच जाएगा। मानसून के प्रवेश करने के बाद गुजरात के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। गुजरात में अभी भीषण गर्मी पड़ रही है।

# 15 जून से पहले मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण करें : धामी

## ● मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए आपातकालीन स्थिति में हेली एम्बुलेंस की होगी व्यवस्था

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** 15 जून से पहले मानसून के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण की जाय। सभी विभाग 15 जून तक आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती करना सुनिश्चत करें। एसटीपी प्लांट और पुराने पुलों का सेफ्टी ऑडिट किया जाए।



यह सुनिश्चित किया जाए कि बिजली की तारों से कोई घटना घटित न हो। मानसून सीजन के दृष्टिगत मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए आपातकालीन स्थिति में हेली एम्बुलेंस की व्यवस्था रखी जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया जाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में आगामी मानसून की तैयारियों की बैठक के दौरान ये निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिवृष्टि से पिछले सालों में क्या चुनौतियां सामने आई और किन-किन क्षेत्रों में अधिक आपदाएं आई एवं इस तरह की चुनौतियों का सामना करने के लिए शासन और जनपद स्तर पर क्या तैयारियां की गई हैं, इसका पूरा एक्शन प्लान प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि मौसम के पूर्वानुमान की सटीक जानकारी लोगों तक समय पर पहुंचे। मौसम के पूर्व चेतावनी के आधार पर लोगों को नियमित रूप से अलर्ट मोड पर रखें। उन्होंने कहा कि मौसम के पूर्वानुमान और जन जागरूकता से अतिवृष्टि और आपदा के प्रभाव को कम करने पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि जनपदों में ऐसे क्षेत्र जहां भू-स्खलन की समस्याएं रहती हैं, उन्हें चिन्हित कर जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं करवाने की आवश्यकता है, समय पर की जाए। जिन क्षेत्रों में बरसाती नदी और नाले उफान पर आते हैं, उनके लिए भी वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए अभी से प्लान बना कर रखे जाएं। मानसून के दृष्टिगत विभिन्न कार्यों के लिए शासन स्तर से जो धनराशि की आवश्यकता है, उसका यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजा जाए। अतिवृष्टि के कारण फसलों को होने वाले नुकसान का तुरंत आकलन कर मानकों के अनुसार यथाशीघ्र क्षतिपूर्ति की व्यवस्था रखी जाए। मानसून अवधि में सभी जिलाधिकारी मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार अपने जनपदों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार छुट्टी की घोषणा करें, स्कूल जाने के पैदल मार्गों में नदी और नाले वाले स्थानों पर वैकल्पिक मार्ग तलाशे जाएं। हर जनपद में बड़े रपटे चिन्हित किये जाएं एवं वहां पर सुरक्षा की दृष्टि से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद् विश्वास डाबर, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, एल. फैनई, डीजीपी अभिनव कुमार, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, सचिव आर. मीनाक्षी सुदंरम, शैलेश बगोली, अरविन्द सिंह ह्यांकी, दिलीप जावलकर, सचिन कुर्वे, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, सचिव आर. राजेश कुमार, एस.एन.पाण्डेय, विनोद कुमार सुमन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, वर्चुअल माध्यम से कुमांऊ कमिश्नर श्री दीपक रावत एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

### अल्मोड़ा के सरियापनी में खुलेगी एसडीआरएफ की बटालियन

मुख्यमंत्री ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा के दृष्टिगत त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था रखी जाए। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से अल्मोड़ा जनपद के सरियापनी में एसडीआरएफ बटालियन खोलने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा शासन से जो धनराशि की मांग की जा रही है, वह धनराशि यथाशीघ्र संबंधित विभागों को दी जाए। जिलाधिकारियों द्वारा भी विभिन्न पदों में जो धनराशि की मांग की जा रही है, उन्हें भी शीघ्र धनराशि अवमुक्त की जाए। जिन विभागों को पहले की धनराशि अभी तक अवमुक्त नहीं हुई है, वह शीघ्र दी जाए, इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# वन गुर्जरों के डेरों में लगी आग से 50 बकरी और तीन मवेशी जले



हरिद्वार। श्यामपुर थाना क्षेत्र से करीब तीन किलोमीटर दूर पीली नदी के किनारे बसे वन गुर्जरों के डेरों में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। डेरों में लगी भीषण आग से वन गुर्जरों की करीब 50 बकरी और तीन मवेशियों की जलने से मौत हो गई। आग में एक ट्रेक्टर ट्रॉली और खाद्य सामग्री भी जल गई। दमकल की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी में मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। मंगलवार की दोपहर में वन गुर्जरों के डेरों में अचानक आग लग गई। इस समय अधिकतर वन गुर्जर अपने डेरों के अंदर विश्राम कर रहे थे। भीषण गर्मी के चलते एक डेरे से शुरू हुई आग धीरे–धीरे अन्य डरों में भी पहुंच गई। वन गुर्जर किसी तरह आग से बचकर डेरों से बाहर निकले और अपने बच्चों को भी डेरों से बाहर निकाला।

# अमित शाह ने गृह, जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य और शिवराज ने कृषि मंत्रालय का संभाला कार्यभार

नई दिल्ली,अमित शाह ने नॉर्थ ब्लॉक पहुंच कर गृह मंत्री का कार्यभार संभाल लिया है। इसके साथ ही भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निर्माण भवन स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय पहुंच कर स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। वहीं शिवराज सिंह चौहान ने भी कृषि भवन पहुंचकर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभालने से पहले नेशनल पुलिस मेमोरियल जाकर अपने कर्तव्यों को निभाने के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को नमन किया। इसके बाद अमित शाह ने नॉर्थ ब्लॉक स्थित गृह मंत्रालय पहुंच कर लगातार दूसरी बार गृह मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बनाए गए नित्यानंद राय और बंदी संजय कुमार भी मौजूद रहे। अमित शाह आज ही सहकारिता मंत्री का कार्यभार भी संभालेंगे। वहीं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष



जेपी नड्डा ने सुबह पार्टी मुख्यालय पहुंच कर राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े सहित पार्टी के अन्य नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने निर्माण भवन स्थित स्वास्थ्य मंत्रालय पहुंच कर स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। कार्यभार संभालने के दौरान जेपी नड्डा के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री बनाए गए जाधव प्रतापराव गणपतराव और अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहे। जेपी नड्डा ने रसायन एवं उर्वरक मंत्री के तौर पर भी अपना कार्यभार संभाल लिया है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कृषि भवन पहुंचकर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का कार्यभार संभाल लिया। चौहान को कृषि एवं किसान कल्याण के साथ ही ग्रामीण विकास मंत्रालय जैसे महत्वपूर्ण विभाग दिए गए हैं। कार्यभार संभालने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसान अन्न के भंडार भरता है।

### कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके में लगी भीषण आग


कोलकाता,सेंट्रल कोलकाता के बिजी पार्क स्ट्रीट इलाके में मंगलवार को भीषण आग लग गई। हालांकि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। लेकिन कई घंटे बाद भी अग्निशमन विभाग आग पर पूरी तरह काबू नहीं पा सका है।आग लगने की खबर सबसे पहले सुबह करीब 10.45 को मिली। खबर मिली कि पार्क स्ट्रीट चौराहे पर एक बहुमंजिला इमारत में स्थित पब–कम–रेस्तरां में आग लग गई है। पांच दमकल गाडियों को तुरंत मौके पर भेजा गया, और आग बुझाने का काम शुरू हुआ।हालांकि, आग धीरे–धीरे और बढ़ती गई। खबर लिखे जाने तक कुल 15 दमकल गाडियां आग पर पूरी तरह काबू पाने की कोशिश कर रही हैं।राज्य के मंत्री सुजीत बोस भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की प्रक्रिया की निगरानी करते नजर आए।

बोस ने कहा, सौभाग्य से, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इमारत में मौजूद लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

# रियासी में आतंकी हमला करने वालों की अब खैर नहीं

## ● सीआरपीएफ की 11 टीमों ने कर दी घेरा बंदी

श्रीनगर,जम्मू और कश्मीर में तीर्थयात्रियों पर हुए आतंकी हमले के बाद इस मामले में लगातार अपडेट सामने आ रहे हैं. घाटी से मिल रही ताजा जानकारी के मुताबिक अब इस आतंकी हमला करने वालों की खैर नहीं है. इसके लिए सेना की ओर से घेराबंदी शुरू हो गई है. सेना और सीआरपीएफ की कुल 11 टीमों को इन आतंकियों की तलाश में तैनात कर दिया है. बता दें कि पाकिस्तान समर्थित आतंकियों को ठिकाने लगाने के लिए अब सेना एक्शन मोड में है. इसके लिए कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है. दरअसल बस पर हमला करने के बाद सभी आतंकी जंगल की ओर से भाग गए थे. यही वजह है कि सेना के जवानों ने अब रियासी जंगल को पूरी तरह घेर लिया है.



रियासी के जंगलों में आतंकियों को खोजने के लिए कमांडो के साथ–साथ ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है. ड्रोन के जरिए जंगल के चप्पे–चप्पे पर नजर रखी जा रही है और जहां पर आतंकियों की गतिविधि की जानकारी लगेगी वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी.

9 जून रविवार को जब नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेना थी, उसी दिन जम्मू–कश्मीर में सुबह तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया. बताया जा रहा है कि ये आतंकी पहले से ही घात लगाकर बैठे थे. इस हमले में 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी. वहीं 41 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए थे. हमला जम्मू–कश्मीर के रियासी जिले में हुआ. तीर्थयात्रियों से भरी बस शिवखोड़ी मंदिर से माता वैष्णोदेवी मंदिर की ओर लौट रही थी.

# योगी सरकार का एक्शन, ट्रांसफर पॉलिसी से लेकर सैलरी पर लिए बड़े फैसले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है. दरअसल योगी सरकार ने कर्मचारियों से जुड़े बड़े फैसले लिए हैं. मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश सरकार की कैबिनेट मीटिंग बुलाई थी. इस बैठक में ट्रांसफर से लेकर सैलरी बढ़ोतरी से जुड़ी कई मामलों पर बड़े फैसले लिए गए. बैठक में यूपी के सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर से जुड़ा अहम निर्णय भी लिया गया है.

इसके तहतत अब ग्रुप सी और डी स्तर के सरकारी कर्मचारियों के तबादले मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे.योगी सरकार ने 11 जून को कैबिनेट मीटिंग में सरकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर पॉलिसी से जुड़ा महत्वपूर्ण निर्णय लिया. इसके तहत सी और डी स्तर के सरकारी कर्मियों के तबादले अब मानव संपदा पोर्टल के जरिए होंगे. यही नहीं अब आसानी से किसी भी सरकारी कर्मचारी के ट्रांसफर किए जा सकेंगे. इस बैठक में योगी सरकार ने 41 प्रस्तावों को तुरंत मंजूरी दे दी है. दरअसल मीटिंग के दौरान 42 प्रस्ताव पेश किए गए थे, इनमें से एक प्रस्ताव पर सहमति नहीं बनी जबकि बाकी 41 प्रस्तावों को पास कर दिया गया.



**तबादला नीति में क्या बदलाव**

– योगी सरकार ने तबादला नीति में अहम बदलाव के बाद इसे आसान बना दिया है.

– मानव संपदा पोर्टल के जरिए ट्रांसफर होंगे.

– विभागाध्यक्षों को महज 19 दिन में ट्रांसफर मिल जाएगा.

– 30 जून तक सभी विभागाध्यक्ष कर सकेंगे ट्रांसफर

– नई नीति में ग्रुप क और ख के कर्मचारियों की कुल संख्या का 20 फीसदी हो सकेगा ट्रांसफर

– वहीं ग और घ के कर्मचारियों का अधिकतम 10 फीसदी ट्रांसफर ले सकेंगे.

**सैलरी में भी होगा इजाफा**

कैबिनेट मीटिंग पर योगी सरकार ने वेतन वृद्धि से जुड़ा अहम फैसला लिया है. दरअसल सरकार के फैसले के तहत वेतन वृद्धि से एक दिन पहले रिटायर होने वाले राज्य कर्मचारियों को भी मिलेगा वेतन वृद्धि का लाभ दिए जाने का फैसला लिया गया है.

**इन फैसलों पर लगी मुहर**

– ग्रेटर नोएडा में 500 बेड के अस्पताल को मिली मंजूरी

– आईआईटी कानपुर में बनेगा मेडिकल रिसर्च सेंटर

– लखीमपुर में एयरपोर्ट के विस्तार को मंजूरी, इसके तहत आने वाले गांवों की 655 एकड़ जमीन अधिग्रहण की जाएगी.

– बरेली में फ्यूचर यूनिवर्सिटी तो गाजियाबाद में एचआरआईटी यूनिवर्सिटी को भी बैठक में मिली मंजूरी.

– हुडको से 100 करोड़ के लिए लोन की गारंटी सरकार लेगी

### 18 जून को वाराणसी में किसानों को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

वाराणसी,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जून को वाराणसी आएंगे। इस दिन वो किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में एनडीए सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी का यह पहला वाराणसी दौरा होगा। काशी क्षेत्र के भाजपा मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने कहा कि अभी तय नहीं है कि ये कार्यक्रम वाराणसी में कहां आयोजित होगा। किसान सम्मेलन के लिए भाजपा जगह की तलाश कर रही है। कार्यक्रम रोहनिया या सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर तैयारियों पर चर्चा के लिए गुलाब बाग स्थित पार्टी कार्यालय में वाराणसी भाजपा पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। पटेल ने कहा कि किसान सम्मेलन को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी बाबा काशी विश्वनाथ की पूजा–अर्चना करेंगे और दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को ही किसान सम्मान निधि की राशि जारी की है। राष्ट्रपति भवन में रविवार शाम पद एवं गोपनीयता की शपथ लेने वाले पीएम मोदी ने सोमवार सुबह करीब 9.3 करोड़ पात्र किसानों के लिए 20 हजार करोड़ रुपये की राशि जारी करने से संबंधित फाइल पर हस्ताक्षर किये। किसान सम्मान निधि के तहत हर किसान को साल में तीन बार दो–दो हजार रुपये की किस्त दी जाती है।

# नीट कैसे होगी क्लीन? एनटीए को नोटिस जारी

नई दिल्ली। मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट – यूजी) 2024 की काउंसलिंग पर कोई रोक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट यूजी की काउंसलिंग पर फिलहाल रोक लगाने से इन्कार कर दिया है।



हालांकि कोर्ट ने नीट–यूजी में पेपर लीक और अनियमितता के आरोप लगाते हुए परीक्षा रद्द कर नये सिरे से परीक्षा कराने की मांग पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि नीट परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है जवाब देना होगा।

**छुट्टियों के बाद सुनवाई**

कोर्ट ने मामले को गर्मियों की छुट्टियों के तुरंत बाद सुनवाई पर लगाने का निर्देश दिया है। ये निर्देश न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ ने नीट यूजी में अनियमितता और पेपर लीक के आरोप लगाते हुए परीक्षा रद्द करने की मांग वाली शिवांगी मिश्रा व नौ अन्य छात्रों की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिये। इसके साथ ही कोर्ट ने शिवांगी की याचिका को इसी मुद्दे पर पहले से लंबित एक अन्य याचिका के साथ संलग्न कर दिया। नीट–यूजी परीक्षा पर सवाल उठाने वाली उस याचिका पर प्रधान न्यायाधीश की पीठ ने गत 17 मई को केंद्र सरकार और एनटीए को नोटिस जारी किया था। वह मामला आठ जुलाई को सुनवाई पर लगेगा।

# चलती कार में लगी आग, बड़ा हादसा टला




देहरादून। हरिद्वार रोड पर मंगलवार दोपहर बिजनौर से देहरादून घूमने आ रहे पर्यटकों की चलती कार पर आग लग गई। गनीमत रही की कार में बैठै लोगों को सकुलशल बाहर निकाल लिया गया, इससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि दोपहर करीब 11 बजे एक कार हरिद्वार से देहरादून की ओर आ रही थी। जैसे ही कार विधानसभा तिराहे के पास पहुंची, अचानक उसमें आग लग गई। कार में बैठे लोग इससे पहले कुछ समझ पाते आग कार के अंदर तक पहुंच गई। तिराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला और सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि कार सवार लोग सहस्त्रधारा घूमने जा रहे थे। आग लगने से कार को काफी नुकसान हुआ, लेकिन राहत की बात यह रही की कोई व्यक्ति आग की चपेट में नहीं आया। मोहन सिंह ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### चिराग पासवान ने संभाला पदभार

नई दिल्ली,लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने मंगलवार को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सौंपी गई नई भूमिका के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पदभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने मुझे खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है, और इसके लिए मैं कड़ी मेहनत करूंगा। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में विकास की संभावनाओं पर जोर देते हुए चिराग पासवान ने कहा, यदि आप वैश्विक स्तर पर खाद्य प्रसंस्करण की भागीदारी को देखें, तो इस क्षेत्र में भारत की भागीदारी काफी कम है। आने वाले समय में इस क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, मेरा अपना दृष्टिकोण भी अधिक प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने पर केंद्रित है, ताकि किसानों को उनकी उपज के लिए उचित पैसे मिल सके ।

# लोकसभा के बाद अब राज्यसभा में भी बढ़ेगा सत्ता पक्ष का दबदबा

नई दिल्ली। लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी एनडीए जल्द ही बहुमत के आंकड़े को प्राप्त करने वाला है। लोकसभा चुनाव में उच्च सदन के सदस्यों की जीत के कारण दस सीटें रिक्त हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने खाली पदों को मंगलवार को अधिसूचित कर दिया है। जल्द ही इन पर चुनाव कराए जाएंगे।रिक्त सीटों में सात सत्ता पक्ष के हिस्से की हैं, जबकि तीन विपक्ष की हैं। इनमें दो कांग्रेस और एक राजद की सीट है। सभी रिक्त सीटें विभिन्न राज्यों के विधानसभा कोटे की हैं, जो चुनाव के बाद सत्ता पक्ष के खाते में आ जाएंगी। यहां तक कि राजस्थान से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल की सीट भी भाजपा के खाते में चली जाएगी। रिक्त सीटों में बिहार, महाराष्ट्र और असम की दो–दो हैं, जबकि त्रिपुरा, हरियाणा, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश की एक–एक सीट है।



**जल्द करा सकता है चुनाव**

चुनाव आयोग कभी भी इन सीटों को भरने के लिए चुनाव की नई तिथियों की घोषणा कर सकता है। राज्यसभा में सदस्यों की कुल संख्या 250 होती है। इनमें 238 को विभिन्न राज्यों के विधानसभा सदस्यों द्वारा चुना जाता है और 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत होते हैं।

मनोनयन में कला, साहित्य, ज्ञान और सामाजिक सेवाओं में सक्रिय योगदान का ध्यान रखा जाता है। कुछ सीटों के पहले से खाली होने के चलते चार जून तक राज्यसभा में 240 सदस्य थे। दस सीटों के रिक्त होने के बाद वर्तमान में यह संख्या 230 पर आ गई है। इनमें भाजपा के 90 सदस्य हैं। इनमें पांच मनोनीत सदस्य भी शामिल हैं। मालूम हो कि एनडीए के सदस्यों की संख्या अभी 110 है। दस सीटों पर चुनाव के बाद राज्यसभा में कुल सदस्यों की संख्या फिर से 240 हो जाएगी और एनडीए के सदस्यों की संख्या 120 पहुंच जाएगी। भाजपा पहली बार राज्यसभा में 99 के आंकड़े पर पहुंच जाएगी। लोकसभा में भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए के पास पूर्ण बहुमत है, किंतु राज्यसभा में सत्ता पक्ष अबतक बहुमत के आंकड़े से दूर रहा है। इसके चलते महत्वपूर्ण विधेयक लोकसभा से तो पारित हो जाते थे, लेकिन राज्यसभा में लटक जाते थे। इसके लिए अक्सर तटस्थ दलों का सहारा लेना पड़ता था। अब निर्वाचन के बाद एनडीए के पास दोनों सदनों में पर्याप्त बहुमत हो सकते हैं।

## एक नजर

### टिहरी में नहीं थम रही वनाग्नि की घटनाएं

नई टिहरी : टिहरी में वनाग्नि रूकने का नाम नहीं ले रही है। बीती सोमवार रात को जिला मुख्यालय के पास वन विभाग के क्रू स्टेशन से महज 100 मीटर की दूरी पर बुडोगी के चवालखेत और डांडा नामे तोक के जंगलों में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेजी थी कि यह पूरे रिहायशी इलाके के निकट तक पहुंची। किसी तरह वन विभाग, फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। फायर से रात करीब साढ़े 11 बजे इस आग को नियंत्रित किया गया। उन्होंने बताया कि वनाग्नि से जंगल को जरूर नुकसान हुआ है, लेकिन राहत की बात रही कि जानमाल को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। एसडीओ के अनुसार कई बार चेतावनी और जागरूकता कार्यक्रम चलाने के बाद भी लोग वनों में आग लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। (एजेंसी)

### पर्यटन स्थलों पर लगा गंदगी का अंबार

नई टिहरी : चंबा-मसूरी फलपट्टी के पर्यटन स्थलों पर प्लास्टिक सहित गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जड़ीपानी, ठांगधार, काणाताल के होटलों, रेस्टोरेंटों, कैंप साइट्स और चंबा-मूसरी हाईवे के किनारे जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर मंगलवार को जिला पंचायत ने जड़पानी क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान वहां से प्लास्टिक रैपर, कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलें सहित कई तरह के प्लास्टिक और कूड़ा-करकट हटाया। जिला पंचायत की टीम ने हाईवे से 10 मीटर के आसपास सफाई की। बावजूद इसके नीचे बड़ी मात्रा में कूड़ा-करकट अभी भी जमा है। वन क्षेत्र होने के कारण जिला पंचायत ने नीचे फैले कूड़े-करकट को नहीं हटाया।

### चंद्रवदनी पुस्तक का हुआ लोकार्पण

नई टिहरी : सिद्धपीठ चंद्रवदनी पुस्तक का मंगलवार को चंद्रवदनी मन्दिर परिसर में लोकार्पण हुआ। मन्दिर समिति के पूर्व प्रबन्धक दुर्गा प्रसाद भट्ट की लिखी इस पुस्तक में मां चंद्रवदनी की पूजा पद्धति, उसके पुजारियों का विवरण, उनके पैत्रिक निवास, पुजार गांव का इतिहास बताया गया है। साथ की पुजार गांव में निवास करने वाली पांच जातियों की वंशावली भी पुस्तक में दी गयी है। चंद्रवदनी समिति उपाध्यक्ष नित्यानंद सेमल्टी, प्रबंधक आनंद भट्ट और प्रधान पुजार गांव अंकित भट्ट ने पुस्तक का लोकार्पण किया। (एजेंसी)

### भागवत कथा श्रवण से होता है पीढ़ियों का उद्धार

रुद्रप्रयाग : विकासखण्ड जखोली की बड़मा पट्टी के दुनगेरा माता मंदिर प्रांगण सिद्धसौड़ में ग्यारह दिवसीय अष्टादश पुराण महायज्ञ मंगलवार को संपन्न हुआ। आयोजककर्ता और कथा व्यास आचार्य जगदम्बा प्रसाद उनियाल ने कथा सुनाते हुए कहा कि जिस मनुष्य को भगवान की भक्ति करने का सौभाग्य प्राप्त होता है वह सदैव चिन्ता से मुक्त होता है। भागवत कथा सुनने और करने से कई पीढ़ियों का उद्धार होता है। इसलिए मनुष्य को समय निकालकर अवश्य ही भागवत कथा को सुनना चाहिए। उन्होंने कहा है कि स्वच्छता से पवित्रता आती है और पवित्रता से सदैव मनुष्य के शरीर में परमात्मा का वास होता है। उन्होंने महायज्ञ में सहयोग देने वाले सभी भक्तों का व्यासपीठ से आभार व्यक्त किया।

### प्रवेश की अन्तिम तिथि अब 14 जून को

रुद्रप्रयाग : राजकीय महाविद्यालय जखोली में शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश की तिथि बढ़ाकर 14 जून की गयी है। प्राचार्य डॉ. माधुरी ने बताया कि महाविद्यालय में नव प्रवेशार्थियों के लिए छात्र संघ की ओर से विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय प्रवेश समिति के नोडल अधिकारी डॉ. देवेश चन्द्र ने सभी विद्यार्थियों को फैसिलिटेशन सेंटर द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया। (एजेंसी)

# सिरस्वाल गांव तक पहुंची आग, आवास जलकर हुआ खाक

### प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत ग्राम सिरस्वाल के जंगलों में लगी थी भीषण आग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भीषण गर्मी के बीच जंगलों की आग थमने का नाम नहीं ले रही। प्रखंड द्वारीखाल के अंतर्गत ग्राम सिरस्वाल के समीप लगी आग सोमवार रात गांव तक पहुंच गई। आग की चपेट में आने से एक आवास पूरी तरह जल गया। आग से आवास में रखा पूरा सामान खाक हो गया।


ग्राम सिरस्वाल में आग की चपेट में आने से धधकता भवन

सिरस्वाल गांव के आसपास जंगल में पिछले कई दिनों से आग लगी हुई थी। हालांकि, ग्रामीण लगातार आग बुझाने का भी प्रयास कर रहे थे। लेकिन, सोमवार शाम जंगल की आग अचानक विकराल हुई और गांव तक पहुंच गई। ग्रामीण यतेंद्र पाल चौधरी ने बताया कि आग से आनंद सिंह चौधरी का आवास जलकर राख हो गया। देखते ही देखते पूरा आवास जलकर खाक हो गया। वहीं, गांव में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग भी कोटद्वार से मौके के लिए लिए रवाना हुआ। लेकिन, सड़क से गांव के दूर होने के कारण दमकल विभाग को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मौके पर वन विभाग की टीम भी मौजूद थी। बताते चलें कि गांव में सामूहिक पूजा चल रही थी, जो रविवार को संपन्न हुई थी। सभी लोग गांव से वापस लौट गए थे। आग की सूचना के बाद सोमवार को कोटद्वार से कई लोग गांव पहुंच गए।

### डिग्री कॉलेज को संचालित करने की कवायद शुरू

श्रीनगर गढ़वाल : कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने साल 2022 में श्रीनगर में डिग्री कॉलेज बनाये जाने की घोषणा की थी।

जिसके बाद राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर में खाली पड़ी भूमि को डिग्री कॉलेज के लिए उपयुक्त पाए जाने पर इसका चयन किया गया। यहां गढ़वाल विश्वविद्यालय के केंद्रीय विवि बन जाने से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को भी प्रवेश लेने में कठिनाइयां आती हैं। गढ़वाल के अभिभावकों और छात्रों की मांग पर कैबिनेट मंत्री ने सरकारी डिग्री कालेज खोलने को स्वीकृति दी थी। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. अंजू अग्रवाल ने मंगलवार को प्रस्तावित डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। प्रो. अग्रवाल ने बताया कि कक्षाओं को संचालित किये जाने को लेकर राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर के भवनों का निरीक्षण किया गया। (एजेंसी)

### इंटरनेट पर परवान चढ़ी दोस्ती, व्यक्ति ने युवती को भेजा शादी का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** फेसबुक व इंस्टग्राम पर 45 वर्षीय व्यक्ति व 25 वर्षीय युवती के बीच हुई दोस्ती इतनी परवान चढ़ी कि व्यक्ति ने युवती को शादी का प्रस्ताव भेज दिया। व्यक्ति द्वारा भेजे गए प्रस्ताव का जब युवती ने विरोध किया तो व्यक्ति उस पर जबरन शादी का दबाव बनाने लगा। इससे परेशान युवती ने अंत में पुलिस से व्यक्ति की शिकायत कर दी। जिसके बाद पुलिस ने राजस्थान निवासी व्यक्ति को लैंसडौन ही बुला दिया और उसे सख्त चेतावनी दी। द्वारीखाल क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की कुछ माह पूर्व राजस्थान सीकर जिले के रहने वाले एक व्यक्ति से फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। दोनों की दोस्ती इतनी परवान चढ़ती चली गई थी अब दोनों इंस्टग्राम पर भी दोस्त बन गए। बात दोस्ती तक तो ठीक थी। लेकिन, एक दिन व्यक्ति ने मैसेज भेजकर युवती को शादी का प्रस्ताव ही दे दिया। काफी सोचने के बाद युवती ने व्यक्ति के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। बावजूद इसके व्यक्ति युवती पर दोबारा दबाव बनाने लगा। लाख समझाने के बाद भी जब व्यक्ति नहीं माना तो युवती ने पुलिस से मदद मांगी। जिसके बाद पुलिस ने फोन के माध्यम से व्यक्ति से संपर्क किया और उसे लैंसडौन बुलाया। पुलिस ने व्यक्ति को नोटिस दिया और युवती को दोबारा परेशान नहीं करने की चेतावनी दी।

### प्रशिक्षण एक जुलाई से

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** सेवायोजन विभाग उत्तराखंड के अधीन संचालित शिक्षण और मार्गदर्शन केंद्र गोविंद नगर में आरक्षित वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छः माह का हिंदी टंकण प्रशिक्षण एक जुलाई से शुरू होगा। प्रशिक्षण के लिए आवेदन योग्यता इंटरमीडिएट या समकक्ष रखी गई है।

## मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** द्वारीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम बरसूड़ी में भाई भयात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सेवियों के साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत दलीप सिंह रावत व ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने प्रतिभाग किया। इस दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को ग्राम गौरव सम्मान एवं दिशा-याणी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशति पत्र एवं धनराशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दिशा-ध्याणी को भी सम्मानित किया गया। शिल्पी कुकरेती गोल्ड मेडेलिस्ट एसडीयू को श्रीमती बसन्ती देवी मेमोरियल पुरस्कार, तनुजा कुकरेती को परमानन्द कुकरेती मेमोरियल पुरस्कार, अरविन्द कुकरेती को मेमोरियल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन होने चाहिए, जिससे हमारी संस्कृति एवं सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार हो सके। इस मौके पर कुकरेती भ्रातृ समिति के अध्यक्ष विजेन्द्र कुकरेती, उपाध्यक्ष भोपाल सिंह, सचिव आत्माराम, कोषाध्यक्ष सुनीता देवी, संरक्षण शिवप्रसाद कुकरेती, बैजराम कुकरेती, प्रोफेसर सुमित्रा कुकरेती, चंद्र मोहन सिंह रावत जिला मंत्री, सतबीर रावत, गिरीश कोटियाल, चन्द्रमोहन सिंह, मोहन कुकरेती, राजमोहन नेगी, क्षेत्र पचांयत विक्रम सिंह बिष्ट, अर्जुन नेगी, धमेन्द्र बिष्ट, राजेश बिष्ट, छत्रपाल सिंह, संजीव जुयाल, दीपक कुकरेती, मनोज रावत, चन्द्रमोहन रावत, सतवीर रावत, गिरीश डोबरियाल, ग्राम प्रधान गौमती देवी भीमदत्त कुकरेती, सरोप सिंह रावत, मनमोहन सिंह बिष्ट, राकेश असवाल, सौरभ डोबरियाल आदि मौजूद रहे।

## नीट परीक्षा में धांधली का आरोप, कांग्रेस ने फूंका पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि इस तरह की परीक्षाओं में धांधली कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कांग्रेसियों ने देश में बढ़ रही महंगाई पर भी आक्रोश व्यक्त किया। मंगलवार को कार्यकर्ता तहसील परिसर के समीप स्थित तिराहे में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह रावत ने कहा कि नीट परीक्षा में बहुत बड़ी धांधली सामने आ रही है, जिससे लाखों की संख्या में बेरोजगार युवा सड़कों पर आंदोलन कर रहे है। उत्तराखंड प्रदेश की नियुक्ति परीक्षाओं में भी पेपर लीक व धांधली हुई है। डबल इंजन के सरकारों ने देश के युवाओं के सपनों पर कुठाराघात किया है।


कोटद्वार में केंद्र सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेसी

कहा कि पहले से देश महंगाई की मार झेल रहा है। लेकिन, अब लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होते ही दूध के दामों में बढ़ोत्तरी कर दी है। साथ ही टोल टैक्स भी बढ़ा दिया है। केंद्र सरकार घोटालों पर अंकुश लगाने व महंगाई पर रोक लगाने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। नीट परीक्षा को निरस्त कर दोबारा परीक्षा करवाने की मांग की है। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सुधा असवाल, रंजना रावत, गोपाल गुंसाई, नसीम अहमद, प्रवेश रावत, कृपाल सिंह नेगी, सतेंद्र सिंह रावत, प्रदीप नेगी, विजय नेगी, आशाराम, भारत, मोहन रावत, त्रिवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## श्री सिद्धबली क्लब ने जीता सॉकर कप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लैंसडाउन ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन की ओर से आयोजित सॉकर कप का फाइनल मुकाबला श्री सिद्धबली क्लब के नाम रहा। प्रतियोगिता का आयोजन डायस स्टेडियम जीआरआरसी लैंसडाउन में कराया गया। जिसमें जनपद की छः टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मुकाबला में मुख्य अतिथि के रूप में होटल संघ के अध्यक्ष अजय तनेजा ने किया। विशिष्ट अतिथि सुरेश पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। लैंसडाउन लायंस ने चार्ली कंपनी की टीम को 3-0 से एवं केन्द्रीय विद्यालय लैंसडाउन ने स्टेडियम ट्रेनीज कोटद्वार को 1-0 से परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रथम सेमीफाइनल मुकाबले में श्री सिद्धबली क्लब कोटद्वार ने लेफ्टिनेंट विष्णु प्रसाद चमोली की हैट्रिक की बदौलत लैंसडाउन लायंस को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं,


आयोजित प्रतियोगिता की विजेता टीम

दूसरे सेमीफाइनल में केंद्रीय विद्यालय लैंसडाउन ने जयहरीखाल 2-0 से परास्त कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले का शुभारंभ वरिष्ट पत्रकार सुनील नेगी द्वारा किया गया। निर्धारित समय तक खेल दो-दो की बराबरी पर रहा। टाइ ब्रेकर में गोलकीपर अक्षत रावत के गोल रक्षण के बदौलत सिद्धबली क्लब ने 6-5 से फाइनल जीत कर ट्रॉफी पर कब्जा किया। आदित्य जखमोला को उदयीमान डिफेंडर, विनय जोशी को उदयीमान फॉरवर्ड एवं करण को उदयीमान मिडफील्डर का खिताब दिया गया। लोक निर्माण विभाग के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर विवेक सिंह ने विजेता टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर अनन्या धस्माना, ऋतिक नेगी, इंद्र रावत आदि मौजूद रहे।

## अफसरों ने ली बाल श्रम उन्मूलन की शपथ

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** बाल एवं किशोर श्रमिकों के बचाव और पुनर्वास के लिए चले रहे जन जागरूकता अभियान के तहत जिला स्तरीय अफसरों को एनआईसी कक्ष में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर शपथ दिलवाई गई। साथ ही अन्य लोगों को भी इस संबंध में जागरूक करने की अपील की। जिला प्रोबेशन अधिकारी देवेंद्र थपलियाल ने बताया कि इस महीने बाल एवं किशोर श्रमिकों के बचाव एवं पुनर्वास के लिए तीस दिवसीय जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न स्थानों पर जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बताया कि मंगलवार को जिला स्तरीय अफसरों को शपथ दिलाते हुए बच्चों को बाल श्रम से बचाने, बाल श्रम को खत्म करने और बाल श्रम के बजाए शिक्षित करने आदि को लेकर जागरूक किया गया। इस मौके पर सीडीओ अपूर्वा पांडे, डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरुद्ध, सीईओ दिनेश चंद्र गौड़ आदि शामिल रहे।

## समर कैंप में सीखे जीवन को बेहतर बनाने के गुर

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया।

इस दौरान समर कैंप में विद्यार्थियों ने बेहतर स्वास्थ्य, जीवन शैली, किचन गार्डन, ई कचरे का निवारण, ऊर्जा, वर्षा जल संचय व सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही जीवन को बेहतर बनने के भी गुर सीखे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस पर सात दिवसीय शिविर के प्रथम दिन का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने किया, जिसमें उन्होंने विद्यालय में पौधारोपण भी किया। सात दिवसीय शिविर में छात्रों को स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जानकारी दी गई।


समर कैंप के अंतिम दिन सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित करते विद्यार्थी

समर कैंप में छात्रों को किचन गार्डन, ई कचरे का निस्तारण, वर्षा जल संचय, सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में भी जागरुक किया गया। इस मौके पर डा. पदमेश बुड़ाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान, भारत सिंह नेगी, अनूप सिंह नेगी, सुरेंद्र सिंह नेगी, सरिता रौतेला, आराधना कुकरेती, मधुबाला मौजूद रहे।

# घंडियाल क्षेत्र में पानी की किल्लत से प्रवासी लौटने को मजबूर

### पेयजल किल्लत को लेकर विभाग और जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** घंडियाल क्षेत्र में पानी की भारी किल्लत की वजह से प्रवासी मैदान की ओर लौटने लगे है। हालत यह है कि 30 करोड़ की लगात की चिनवाड़ी पंपिंग योजना भी ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझा पा रही थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पेयजल किल्लत को लेकर विभाग और जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं।

पौड़ी जनपद के अधिक आबादी वाले गांव गढ़कोट घंडियाल बुटली धारी ओलाना, डांगी, बनेख आदि गांवों में


प्राकृतिक जल स्रोत से महिला पानी लाते हुए।

भारी मात्रा में प्रवासी भी गांव आ रखे है। ऊपर से आजकल इन गांव में देवी-देवताओं का पूजन आदि कार्य भी चल रहे है। लगातार भीषण गर्मी और जंगलों में लगातार आग की तपस के कारण प्राकृतिक जल स्रोत सुख गए है, वही चिनवाड़ी डांडा पंपिंग योजना का पानी भी ऊंचाई वाले जरूरतमंद गांवों की वजह क्षेत्र के सबसे निचले इलाकों के गांवो में जा रहा है। जहां पहले ही पर्याप्त मात्रा में पानी है। पेयजल किल्लत को लेकर विभाग और जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं। युवा समाजसेवी अशीष गुसांई कहते उनके गांव बुटली में पूजा आदि के चलते भारी संख्या में प्रवासी आए है। लेकिन पानी नहीं होने के कारण भंडारा तक स्थगित करना पड़ा। यही हाल गढ़कोट गांव की भी है। जहां भारी संख्या में प्रवासी लोग गांव आए है। वरिष्ठ नागरिक धीरेंद्र सिंह रावत बताते है कि जल संस्थान को एक दिन छोड़ कर टैंकर से पानी आपूर्ति करनी चाहिए। समाजिक कार्यकर्ता जसवीर रावत बताते है कि उनका गांव को तो चिनवाड़ी डांडा और जल संसाधन की पाइप लाइन का पानी मई, जून में आजतक कभी नहीं मिला, पूरा गांव एक हैंडपंप और प्राकृतिक जल स्रोत पर निर्भर है। जल संस्थान का कोई भी अधिकारी पानी की भारी किल्लत को लेकर गंभीर नहीं हैं।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मंडल अभियंता / चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई–टेंडर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या | 45-DRM-MB-24-25 Dated: 11.06.2024 |
|---|---|
| कार्य का नाम | ABSS: Upgradation of circulating area, raising, extension and COP of platform no. 1 & 2/3, development of second entry and extension of FOB at Dhampur Chargeable to estimate no. 75/2024 (Capital) |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक / समय | 04.07.2024 at 16:00 |
| अनुमानित लागत | ₹4,77,96,478.19 |
| धरोहर राशि | ₹3,89,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 महीने |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 20.06.2024 |

निविदा सं.: Sr. DEN-IV/Publication/24-25 दिनांक: 11.06.2024 1747/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाष: 01346–252137,
Email: dgmsri.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आई०डी० संख्या (CIN) U40109UP2001SGC025867/2358

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक: 11.06.2024

अद्योहस्क्षरकर्ता द्वारा इस मण्डल के अन्तर्गत निम्न ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–
**E-Tender No 03/EDC(S)/2024-25:-** Annual maintenance of 33/11 KV line & all Distribution T/F attending breakdown & Consumer complaints and also all Revenue Realisation related activities all 11 KV feeders Of 33/11KV S/s. Dhumakot under EDD, Nainidanda.
अन्य विवरण के लिये कृपया हमारी वेबसाईट www.uktenders.gov.in देखें एवं ई–निविदा के सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिए कृपया फोन नं0 01346–252137 पर सम्पर्क करें।
पत्रांक: 880 / वि0वि0म0श्री0 / टी–9 अधीक्षण अभियन्ता
राष्ट्र हित में बिजली बचायें (टोल फ्री नo :-1800 419 0405) विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी से फैक्स 0135–2760911 एवं मोबाइल +91–8958811999 पर एस0एम0एस0 द्वारा रिपोर्ट करें।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्रांक. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 07.06.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 43-DRM-MB-24-25 dt 07.06.2024 |
|---|---|
| Name of work | Dewatering arrangement, providing pumping sets and sump well at various RUBs in the section of Sr.DEN/HQ/MB. |
| Tender Closing Date Time | 04.07.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 50,99,993.96 |
| Earnest Money (Rs.) | 1,02,000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00.00 |
| Bidding Start Date | 26.06.2024 |
| Period of Completion | 04 Month |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1739/24


## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज लैन्सडौन गढ़वाल**

दी0 वाद सं0 04 सन् 2023

वादी - प्रवीन सिंह पुत्र श्री भरत सिंह निवासी ग्राम बयाली, पट्टी मल्ला बदलपुर, तहसील सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

**बनाम**

**प्रतिवादीगण - प्रीतम सिंह आदि**

समन बनाम आम जनता व खास द्वारा प्रकाशन

हरगाह वादी द्वारा एक दावा वास्ते अपने पिता श्री भरत सिंह की दीवानी मृत्यु उदघोषित किये जाने बावत अन्तर्गत धारा 34 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम मेरे न्यायालय में पेश किया गया है जिसमें सुनवायी/आपत्ति हेतु दिनांक 18/06/2024 नियत है।

अतः जिस किसी को उक्त वाद में आपत्ति प्रस्तुत करनी हो वह दिनांक 18/06/2024 को मेरे न्यायालय स्थान लैन्सडौन में पेश करें अन्यथा मामले में एक तरफा आदेश पारित किया जायेगा।

अतः दि0 07/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के जारी किया गया।

**सिविल जज**
**(क0ख0) लैन्सडौन, गढ़वाल**
(0209/13)

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज लैन्सडौन गढ़वाल**

**दी0 वाद सं0 02 सन् 2024**

वादी - बलवन्त सिंह पुत्र स्व0 सैन सिंह निवासी ग्राम कठूड उर्फ धर्मपुर, पट्टी रिंगवाडस्यूं, तहसील चौबटाखाल, पौड़ी गढ़वाल

**बनाम**

प्रतिवादीगण - ग्राम सभा प्रधान, कठूड, आदि

समन बनाम आम जनता व खास द्वारा प्रकाशन

हरगाह वादी द्वारा एक दावा वास्ते अपने पुत्र श्री विक्रम सिंह की दीवानी मृत्यु उदघोषित किये जाने बावत अन्तर्गत धारा 34 विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम मेरे न्यायालय में पेश किया गया है जिसमें सुनवायी/आपत्ति हेतु दिनांक 18/06/2024 नियत है।

अतः जिस किसी को उक्त वाद में आपत्ति प्रस्तुत करनी हो वह दिनांक 18/06/2024 को मेरे न्यायालय स्थान लैन्सडौन में पेश करें अन्यथा मामले में एक तरफा आदेश पारित किया जायेगा।

अतः दि0 07/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के जारी किया गया।

**सिविल जज**
**(क0ख0) लैन्सडौन, गढ़वाल**
(0208/13)

## अदालती सूचना

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय कोटद्वार गढ़वाल**

दा0खा0 वाद संख्या -

श्रीमती सन्तोषी देवी -बनाम- सहखातेदार

नोटिस बनाम-

चूंकि हरगाह वादी/प्रार्थिनी द्वारा एक दा0खा0 52/23-24 मेरे न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त दा0खा0 वाद में विक्रेता भारत मोहन की मृत्यु हो गयी है तथा उसका हक-अंश खाता-खतौनी में उनके वारिसान श्रीमती किरन देवी एवं अभिषेक के नाम अंकित हो गया है। उक्त वाद में क्रेता का हक-अंश नोटिस प्रेषिती के हक से काटा जाना है। यदि उपरोक्त हक-अंश को लेकर नोटिस प्राप्तकर्ता को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 13-06-2024 को 10 बजे प्रातः मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होवे, आपत्ति दर्ज करवा लेवे, अन्यथा उक्त दा0खा0 में विक्रेता को हक-अंश उनके वारिसान श्रीमती किरन देवी एवं अभिषेक नोटिस प्राप्तकर्ता के हक-अंश से काटकर क्रेता के नाम पर दर्ज किया जायेगा।

आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे कार्यालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी।

**न्यायालय तहसीलदार**
**कोटद्वार गढ़वाल**
(0207/19)

## एक नजर

### घोड़े से गिरकर यात्री घायल

रुद्रप्रयाग : मंगलवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे सेक्टर मजिस्ट्रेट भीमबली की ओर से डीडीआरएफ और एसडीआरएफ को सूचना दी गई कि भीमबली के समीप तेलंगाना निवासी यात्री 72 वर्षीय दयावा लिंगा रेड्डी घोड़े से गिर गए हैं। चलने में असमर्थ होने के कारण मदद की जरूरत है। भीमबली से यात्री को एमआरपी भीमबली लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार किया गया। डीडीआरएफ टीम ने जंगलचट्टी से यात्री को चीरबासा हेलीपैड लाया गया। इसके बाद चीरबासा से गौरीकुंड लाया गया। यहां एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया गया। (एजेंसी)

### धारा-नौला के संरक्षण पर काम करने की आवश्यकता

नई टिहरी : इस दौरान ग्रामीणों ने अवगत कराया कि गांव में पानी की बेहद समस्या है, जिससे ग्रामवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के नीचे की ओर एक जलस्त्रोत है, जो कि काफी दूरी पर स्थित है। इससे गांव में पीने के पानी की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। जिसे लेकर जिला विकास अधिकारी ने कहा कि पुराने श्रोतों को रिचार्ज करने के लिए चैकडेम के जरिए पुनरूद्धार और उपचार, धारा-नौला के संरक्षण का काम किए जाने की आवश्यकता है। (एजेंसी)

### परंपरागत नमक की डिमांड बढ़ी

नई टिहरी : जौनपुर ब्लॉक के न्याय पंचायत म्याणी के ग्राम देवन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित नागदेवता स्वयं सहायता समूह पहाड़ी नमक तैयार कर रहा है। इसकी डिमांड मार्केट में अच्छी है। नमक में अगल-अगल प्राकृतिक चीजों का मिलाकर स्वादिष्ट बनाया जा रहा है। समूह टिमरू का नमक, लहसुन का नमक, जीरे का नमक बनाकर उसकी पैकिंग कर रहा है। (एजेंसी)

### शांतिपूर्वक चुनाव के लिए मांगा राजनैतिक दलों का सहयोग

देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने मंगलवार को सचिवालय में सभी राजनैतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने इस दौरान दो विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनावों में सभी दलों का सहयोग मांगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान राज्य में आयोग को सभी दलों का सहयोग मिला और इस वजह से चुनाव शांति पूर्वक संपन्न हो पाए। उन्होंने सभी दलों के नेताओं से कहा कि इसी तरह उपचुनावों में भी सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा है ताकि इन चुनावों को भी शांति पूर्वक ढंग से संपन्न कराया जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन के दौरान मतदाता द्वारा पहचान हेतु फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र के साथ ही 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों का प्रयोग भी किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी दलों से चुनाव आचार संहिता का भी पालन करने की अपील की। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुक्ता मिश्रा, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तु दास के साथ ही विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे।

### बस्तियों में कार्रवाई के खिलाफ जनसंगठनों के साथ लोगों ने किया प्रदर्शन

देहरादून। राज्य की विभिन्न ट्रेड यूनियनों, जन संगठनों और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं और बस्तीवासियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी ने बस्तियों में मकानों को ध्वस्त करने का विरोध किया। अभियान बंद नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी। वक्ताओं ने बस्तियों में हो रही कार्रवाई को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की बात कही। विरोध प्रदर्शन करने के लिए पहुंची महिलाओं ने कहा कि यदि इसी तरह से कार्रवाई जारी रही तो उनके बच्चों का भविष्य क्या होगा और वह परिवारों को लेकर कहां जाएंगे।

उन्होंने पुनर्वास नहीं करने को लेकर जताई और सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार वायदे के मुताबिक अध्यादेश लेकर आए, ताकि लोगों के घर उजड़ने से बच सकें। इस दौरान चेतना आंदोलन के शंकर गोपाल, सीआईटीयू के लेखराज, सिपा से एसएन सचान, महिला समिति से इन्दु नौडियाल, सीपीएम से राजेन्द्र पुरोहित, अनन्त आकाश, किसान सभा से कमरूद्दीन, एडवोकेट रजिया बेग, आयूपी से नवनीत गुंसाई, बीना, सुनीता, ओमबीर सिंह आदि मौजूद थे। उपजिलाधिकारी शालिनी नेगी ने बताया कि बुधवार को प्रतिनिधिमंडल की मांगों को लेकर जिलाधिकारी से वार्ता होगी।

# बस से अनियंत्रित होकर गिरा वृद्ध, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** पाटीसैंण बाजार में बस से अनियंत्रित होकर गिरने से एक वृद्ध घायल हो गया। पुलिस ने घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटीसैंण में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध को हंस फाउण्डेशन सतपुली रैफर किया गया। जहां वृद्ध का उपचार चल रहा है।



मंगलवार को पाटीसैंण पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश गैरोला टीम के साथ वाहन की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक वृद्ध बस में चढ़ते समय सीढ़ियों से अचानक फिसलकर सड़क पर गिर गया। जिससे उनके सिर पर चोट गई और वह बेहोश हो गये। पुलिस कर्मी स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल वृद्ध को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाटीसैंण ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध को हंस फाउण्डेशन सतपुली रैफर किया गया। उन्हें 108 के माध्यम से हंस फाउण्डेशन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है और वह स्वस्थ है। पाटीसैंण पुलिस चौकी प्रभारी मुकेश गैरोला ने बताया कि चन्दन सिंह बिष्ट (उम्र 77 वर्ष) पुत्र स्व. आलम सिंह बिष्ट निवासी ग्राम ग्वाड़ तल्ला, पोस्ट पाटीसैंण बस में चढ़ते समय गिरकर घायल हो गये। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि वृद्ध को अस्पताल पहुंचाने कांस्टेबल पंकज रावत, भीम सिंह बिष्ट पुत्र राजेन्द्र सिंह बिष्ट मूल निवासी ग्वाड़ तल्ला, पोस्ट पाटीसैंण जनपद पौड़ी गढ़वाल ने गुड सिमेरिटन की भूमिका निभाई गयी। परिजनों एवं स्थानीय व्यक्तियों द्वारा पुलिस की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा की गयी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू



मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पांडे ने बैठक ली। उन्होंने कहा कि योग दिवस को सफलता पूर्वक आयोजित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करना होगा।

जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक में बताया गया कि जनपद स्तर पर 21 जून को सुबह 6:30 बजे जिला मुख्यालय स्थित रांसी स्टेडियम में योग दिवस का आयोजन किया जायेग। कहा कि योग महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी/कर्मचारी आयोजन स्थल पर उपस्थित रहेंगे। योग महोत्सव के सफल आयोजन हेतु उन्होंने खेल विभाग, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरुद्ध, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. केएस नपच्याल, मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र गौड़, नगर पालिका ईओ गौरव भसीन, जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# यात्रा प्राधिकरण बनाने के लिए कर्तव्य और दायित्व निर्धारित करें : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं और बेहतर बनाने के लिए जिलाधिकारियों से समन्वय बनाकर रखें। समय-समय पर उच्चाधिकारी यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करें, और बेहतर व्यवस्थाओं के लिए जिलाधिकारियों का सहयोग करें।



मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यात्रा प्राधिकरण बनाने के लिए कर्तव्य और दायित्व निर्धारित किये जाएं। इसमें प्रशासन, मंदिरों, ट्रासपोर्टस, टूर एजेंटो एवं अन्य संबंधित पक्षों के साथ बैठक की जाए। उन्होंने कहा यात्रा मार्गों पर 42 सीटर तक की बसों की व्यवस्था सुनिश्चत की जाए। बैठक के दौरान गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय ने कहा कि चारधाम यात्रा के लिए ऋषिकेश और हरिद्वार में श्रद्धालुओं का बैकलॉग खत्म हो गया है। जो भी श्रद्धालु आ रहे हैं, उनका पंजीकरण कर चारधाम यात्रा पर भेजा जा रहा है। पंजीकरण की संख्या अब सीमित नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर समिट के दौरान जो निवेश प्राप्त हुए हैं, उनके क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। ऐसे निवेश प्रस्तावों को पहले प्राथमिकता में रखा जाए, जो राज्य की परिस्थितियों के अनुकूल हों तथा स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने में सहायक हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन, टनकपुर-बागेश्वर रेल लाईन और दिल्ली-देहरादून एलीवेटेड रोड के अन्तर्गत राज्य में टनल निर्माण में लगी कार्यदायी संस्थाओं के साथ बैठक बुलाई जाए और निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाय। बेतालघाट, नैनीताल में पिकअप पलटने पर घायलों द्वारा 108 को कॉल करने पर फोन न उठाने की खबर का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने सचिव स्वास्थ्य को निर्देश दिये कि इस मामले की जांच की जाए। उन्होंने कहा कि यदि यह खबर सही है, तो इसके प्रति जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

# भागवत कथा का श्रवण ही मुक्ति का एकमात्र साधन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : एकेश्वर ब्लॉक के ग्राम गिंवाली में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य विजय प्रकाश बडोला ने कहा कि मानव जीवन के मुक्ति का एकमात्र साधन श्रीमद् भागवत कथा है। इसके श्रवण, मनन और जीवन में अनुशरण से ही मुक्ति मिलेगी।



मंगलवार को आचार्य विजय प्रकाश बडोला ने श्रीमद् भागवत कथा के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण को ही सत्य माना गया है। श्रीमद् भागवत पुराण सभी पुराणों का सार है। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य को भक्ति के लिए ज्ञान की प्राप्ति होती है। उसी के आधार पर उसे मुक्ति मिलती है। कहा कि प्रत्येक प्राणी किसी न किसी तरह से दुःखी व परेशान है। कोई स्वास्थ्य से दुःखी है, कोई परिवार, कोई धन, तो कोई संतान को लेकर परेशान है। सभी परेशानियों से मुक्ति पाने के लिए ईश्वर की आराधना ही एकमात्र मार्ग है। इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन का कुछ समय हरिभजन में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा वह अमृत है, जिसके पान से भय, भूख, रोग व संताप सब कुछ स्वतः ही नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को मन, बुद्धि, चित एकाग्र कर अपने आप को ईश्वर के चरणों में समर्पित करते हुए भागवत कथा को ध्यान पूर्वक सुनना चाहिए। इस मौके पर पंडित राकेश हिन्दवान, भास्करानंद पंत, प्रभुदयाल सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला प्रशासन ने शुरू की बद्रीनाथ विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां

**जयन्त प्रतिनिधि। चमोली :** बद्रीनाथ विधानसभा उप चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर अपर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव शाह ने वीसी रूम में सभी एआरओ एवं नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियो को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार निर्वाचन संबधी सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर जिला निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस एवं सेक्टर अधिकारी सभी वल्नरेबल एवं क्रिटिकल बूथों का संयुक्त निरीक्षण करते हुए मैपिंग करने, सीईओ को नये बनाए गए 9 बूथों का निरीक्षण करने के साथ ही संबंधित नोडल अधिकारियों को सभी मतदेय स्थलों पर रैम्प, पानी, विद्युत, शैड़, दरवाजे, खिड़की, फर्नीचर एवं अन्य जरूरी सुविधाओं को दुरस्थ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त करने, पोलिंग पार्टियों को ईवीएम, वीवीपैट वितरण के साथ पोलिंग पार्टियों का मूवमेंट प्लान तैयार करने को कहा। उन्होंने निर्वाचन नियंत्रण कक्ष, शिकायत निवारण प्रकोष्ठ, व्यय लेखा एवं निगरानी व व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ, एमसीएमसी, मीडिया सेंटर, लेखन सामग्री, वोटर स्लिप, वीडियोग्राफी आदि व्यवस्थाएं भी समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक प्रकाश, एआरओ सहित निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े सभी नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



## एक साल के लिए गद्दी पर विराजमान हुई नागराजा की डोली

नई टिहरी : बंस्यूल के जिला पंचायत सदस्य जयवीर सिंह रावत ने बताया कि परंपराओं के अनुसार सिद्ध नागराजा की डोली एक साल के लिए अपने गद्दी स्थल गाफर में विराजमान हुई है।

इस मौके पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने जागरण और भजन संध्या की। जनपद टिहरी के थौलधार ब्लाक की नगुण पट्टी पर शीर्ष पर स्थित सेम-मुखेम धाम की ठीक सामने गाफर नागराजा महाराज का गद्दी स्थल है। जिपं सदस्य रावत ने इस स्थल को पर्यटन सर्किट से जोड़कर मुख्य मार्गों से जोड़ने की मांग की है। इसके साथ ही पेयजल की परेशानी को देखते हुए इस क्षेत्र के गांवों के लिए उन्होंने टिहरी झील से पंपिंग योजना की मांग की है। (एजेंसी)

## प्रो0 सुरेखा डंगवाल ने किया दून विश्वविद्यालय की कुलपति का कार्यभार ग्रहण

देहरादून। प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने मंगलवार को दोबारा दून विश्वविद्यालय की कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस दौरान उन्होंने एक ओर विवि परिसर में कपूर का पौधा रोपकर विश्वविद्यालय ग्रीन इनिशिएटिव का संदेश दिया, वहीं दूसरी ओर विवि को शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र बनाने का संकल्प भी दोहराया। प्रो. सुरेखा ने कहा कि पिछले लगभग साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक मानदंडों के स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आगे उनका प्रयास होगा कि आने वाले समय यह विश्वविद्यालय देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में से एक बने। प्रो डंगवाल ने कहा कि वे राज्य सरकार की आकांक्षाओं के अनुरूप विश्वविद्यालय को शिक्षा का उत्कृष्ट केंद्र बनाने की दिशा में समर्पित भाव से कार्य करूँ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर मंगल सिंह मद्रंवाल, कुलपति की निजी सचिव पल्लवी बिष्ट, अभिनव जोशी, सामाजिक विज्ञान संकाय के एचओडी प्रो आरपी ममगाईं, मीडिया एवं कम्युनिकेशन स्टडीज के एचओडी प्रोफेसर राजेश कुमार, संकाय अध्यक्ष एसईएनआर के एचओडी प्रो एसएस सुथार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो एचसी पुरोहित, विभागाध्यक्ष स्कूल आफ मैनेजमेंट प्रोफेसर गजेंद्र सिंह, प्रो हर्ष डोभाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एबीवीपी ने की नीट परीक्षा अनियमितता की सीबीआई जांच की मांग

देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने हाल में हुई नीट यूजी परीक्षा में अनियमितता का आरोप लगाते हुए सीबीआई जांच की मांग की है। मंगलवार को संगठन की ओर से डीएम दफ्तर पर प्रदर्शन कर एनटीए के महानिदेशक को ज्ञापन भी भेजा गया। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी यानी एनटीए की ओर से आयोजित इस परीक्षा में धांधली के आरोप लगे हैं।

## गैरसैंण में मूल निवास, भू—कानून स्वाभिमान महारैली होगी

देहरादून। मूल निवास, भू– कानून समन्वय संघर्ष समिति गैरसैंण से महारैली का आगाज करेगी। चुनाव आचार संहिता के चलते समिति ने मूल निवास स्वाभिमान आंदोलन को स्थगित कर दिया था। मंगलवार को देहरादून के शहीद स्थल पर पत्रकारों से बातचीत में समिति ने चारधाम यात्रा में अव्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठाए। कहा कि इससे मूल निवासियों का रोजगार ठप पड़ गया है। यह मुद्दा भी महारैली में उठेगा। समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि गैरसैंण में इस हफ्ते सभी संगठनों की बैठक बुलाई गई है। इसमें महारैली की तिथि की ऐलान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मूल निवास और भू कानून को लेकर गैरसैंण के बाद दूसरे स्थानों पर भी महारैली होगी। चारधाम यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन न होने से मूल निवासियों का रोजगार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। रजिस्ट्रेशन की बाध्यता खत्म होनी चाहिए। समिति प्रभावित कारोबारियों से भी इस अभियान के दौरान मुलाकात करेगी। सह संयोजक लुशुन टोडरिया ने कहा कि मास्टर प्लान के नाम पर बद्रीनाथ में मूल निवासियों की अनुमति के बिना भवन–दुकानें तोड़ी गई। अभी तक उन्हें मुआवजा नहीं दिया और ना ही उनके पुनर्वास किया जा रहा है।

## आयुर्वेद विवि के उपनल कर्मियों को जल्द वेतन जारी करने की मांग

देहरादून। उपनल कर्मचारी महासंघ ने आयुर्वेद विवि में कार्यरत 300 के करीब कर्मचारियों को जल्द वेतन जारी करने की मांग की। इसके साथ ही महासंघ ने सरकार से उपनल कर्मचारियों की सभी लंबित मांगों का समाधान करने को कहा है। महासंघ के प्रदेश महामंत्री विनय प्रसाद ने कहा कि आयुर्वेद विवि में 300 के करीब कर्मचारियों को छह माह से वेतन नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि इस वजह से कर्मचारियों के सामने गंभीर संकट पैदा हो गया है। कर्मचारियों द्वारा सीएम हेल्प लाइन पर भी इसकी शिकायत की गई लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

# पेयजल कर्मचारियों ने किया जल भवन पर विरोध—प्रदर्शन

देहरादून। जल निगम जल संस्थान संयुक्त मोर्चा से जुड़े कर्मचारियों ने जल भवन नेहरू कालोनी में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सोमवार को कर्मचारियों ने धरना देने के साथ ही नारेबाजी कर विरोध जताया। मोर्चा के बैनर तले सोमवार से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया। जल संस्थान और जल निगम के कर्मचारी, पेंशनर्स नेहरू कालोनी में जुटे। एक सिरे से कर्मचारियों, पेंशनर्स ने जल संस्थान के अफसरों के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। संयोजक रमेश बिंजौला ने कहा कि सरकार पेयजल के राजकीयकरण को गंभीर है। राजकीयकरण होने तक सरकार कर्मचारियों को ट्रेजरी से वेतन, पेंशन का भुगतान करना चाहती है। इसके लिए शासन स्तर से लगातार प्रयास जारी है, लेकिन जल संस्थान के अफसर निजी स्वार्थों के कारण ऐसा नहीं होने दे रहे हैं। सरकार को गलत रिपोर्ट भेजी गई है। ऐसा करने वाले अफसरों के खिलाफ पोल खोल अभियान चलाया जाएगा। संयोजक विजय खाली ने कहा कि लोनिवि, सिंचाई, लघु सिंचाई समेत अन्य तमाम विभाग राजकीय है। दूसरे प्रदेशों में पेयजल तक राजकीय विभाग है। ऐसे में उत्तराखंड में क्यों पेयजल जैसे सबसे अहम विभाग को राजकीय नहीं किया जा रहा है। इससे सरकार और आम जनता दोनों को नुकसान हो रहा है। बार बार वेतन, पेंशन का संकट खड़ा होता है। कर्मचारियों को अवकाश नगदीकरण का पैसा नहीं मिल रहा है। राशिकरण की सुविधा समाप्त है। महंगाई भत्ते तक का लाभ समय पर नहीं मिलता। ऐसे में जब सरकार वेतन, पेंशन समय पर सुनिश्चित कराने को ट्रेजरी से भुगतान का विकल्प दे रही है, अफसरों के स्तर से अड़चन डाली जा रही है। ऐसा करने वालों के खिलाफ हल्ला बोल अभियान शुरू किया जाएगा। विरोध जताने वालों में संजय जोशी, महेश राम, रामचंद्र सेमवाल, धन सिंह नेगी, श्याम सिंह नेगी, शिशुपाल रावत, संदीप मल्होत्रा, आशीष तिवारी, धन सिंह चौहान, चतर सिंह, प्रदीप तोमर, बीपी भद्री, लक्ष्मी नारायण भट्ट, सौरभ बर्त्वाल, ईश्वर पाल शर्मा, नरेंद्र कुमार, हिमांशु पंत, मेहर सिंह, अमित कुमार, राजकुमार अग्रवाल, रमेश चंद्र शर्मा, मनोज सक्सैना, रमेश आर्य, पूरण जोशी, सुधीर काला, अशोक थापा, भारत सिंह रावत, कुलदीप सैनी, अशोक हरदयाल, किरण धनई, शशिबाला, कविता नेगी, संतोष पुंडीर, शांता देवी, ममता भाकुनी, निशु शर्मा, देवेंद्र गुप्ता, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

**21 जून से पेयजल सप्लाई ठप, सीधे हड़ताल**

धरने में तय हुआ कि 16 जून तक धरना लगातार जारी रहेगा। इसके बाद भी यदि जल संस्थान की ओर से ट्रेजरी से वेतन, पेंशन भुगतान को हामी भरते हुए रिपोर्ट नहीं दी गई, तो 21 जून से पूर्ण कार्यबहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा। प्रदेश स्तर पर हड़ताल शुरू कर दी जाएगी।

# नीट में गड़बड़ी और चारधाम यात्रा अव्यवस्थाओं को लेकर दून में कांग्रेस का प्रदर्शन

देहरादून। नीट परीक्षा में गड़बड़ी और चारधाम यात्रा में अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने मंगलवार को देहरादून में प्रदर्शन किया। उन्होंने यहां एस्लेहाल चौक पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ.जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ जारी है। नीट परीक्षा में हुई धांधली की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। क्योंकि पहले प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार गड़बड़ी होती रही और अब नीट में भी इसे दोहराया गया। कांग्रेस नेताओं ने चारधाम यात्रा में पंजीकरण के नाम पर तीर्थयात्रियों के उत्पीड़न का आरोप लगाया। सरकार के इंतजामों पर सवाल उठाए। कहा कि अव्यवस्थाओं की वजह से न सिर्फ श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है बल्कि स्थानीय लोग और कारोबारी भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार को अगर कहीं कोई समस्या है तो पक्ष –विपक्ष के अनुभवी लोगों से सलाह लेकर सकारात्मक माहौल तैयार कर समस्याओं के समाधान की दिशा में कदम उठाए। प्रदर्शन करने वालों में निवर्तमान पार्षद मुकीम अहमद, सुनील जायसवाल, अनिल शर्मा, अरविंद गुरुंग, फारुख अहमद, अर्जुन पासी, सुभाष धीमान, जयपाल सिंह, लकी राणा, मुकेश रेग्मी, यामीन खान, भूपेंद्र सिंह नेगी समेत अन्य मौजूद रहे।



## गांधी पार्क को पीपीपी मोड पर देने के विरोध में उतरा सयुंक्त नागरिक संगठन

देहरादून। गांधीपार्क को पीपीपी मोड पर देने की चर्चाओं को लेकर संयुक्त नागरिक संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को प्रशासक नगर निगम व जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जबकि नगर आयुक्त ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि इस तरह का कोई प्रस्ताव निगम ने तैयार ही नहीं किया। संगठन के पदाधिकारियों ने अधिकारी को बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि नगर निगम गांधी पार्क को पीपीपी मोड पर देने पर विचार कर रहा है। जिलाधिकारी सोनिका ने नगर आयुक्त गौरव कुमार से जानकारी ली तो उन्हें अवगत करवाया गया कि ऐसा कोई प्रस्ताव निगम ने तैयार नहीं किया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल बीएम थापा ने कहा कि जनहित से संबंधित विषयों को लेकर भविष्य में भी संगठन आवाज उठाता रहेगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधूरे कार्यों से हो रही परेशानी को लेकर संबंधित अधिकारियों से जल्द वार्ता करेंगे। इस दौरान चौधरी ओमवीर सिंह, दीपचंद शर्मा, ठाकुर शेर सिंह, अजय सोनकर, शक्ति प्रसाद डिमरी, प्रदीप कुकरेती, जगमोहन मेहंदीरता, एडवोकेट रवि सिंह नेगी, आरएस धुनता , सुशील त्यागी आदि आदि मौजूद थे।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com